## सार-समाचार

### जालोर में ज्योतिबा फूले जयंती मनाई

**जालोर,** (कासं)। जालोर में शनिवार को महात्मा ज्योतिबा फूले की 199वीं जयंती जालोर शहर के माली समाज छात्रावास के सामने स्थित फुले उद्यान में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा फूले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कलेक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने की। विशिष्ट अतिथियों में माली समाज के अध्यक्ष भोमाराम सुंदेशा ठाकुर, एसबीआई जालोर के क्षेत्रीय महाप्रबंधक रमेश टांक, जालोर नागरिक सहकारी बैंक के उपाध्यक्ष ललित कुमार दवे, समाजसेवी मोहनलाल परमार एवं थानाधिकारी देवेंद्र कच्छवाह शामिल रहे। कार्यक्रम में माली समाज सेवा संस्थान जालोर के अध्यक्ष नितिन सोलंकी ने महात्मा फूले के जीवन एवं उनके सामाजिक कार्यों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि जोगेश्वर गर्ग ने अपने संबोधन में फूले के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि उन्होंने नारी शिक्षा के प्रसार, समाज में व्याप्त अज्ञानता, असमानता और जातिगत भेदभाव को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान रवि सोलंकी (नगर अध्यक्ष भाजपा), मुकेश सोलंकी, नरेंद्र परमार, शिवलाल गहलोत, अम्बालाल सुंदेशा, छगनलाल, वेलाराम सांखला, लालाराम, जेठाराम गहलोत, मिश्रीमल गहलोत, भाग्यवंती परमार, ममता सुंदेशा, अंजना सोलंकी, मीना परमार, इन्द्रादेवी, कानाराम परमार, अम्बालाल व्यास, परमानंद भट्ट, बाबूलाल गहलोत, कांतिलाल सोलंकी आदि उपस्थित रहे।

### दुकान पर घरेलू सिलेण्डर, कार्रवाई की

**पाली,** (नि.सं.)। पाली शहर में महात्मा ज्योतिबा फूले सर्किल स्थित बांगड़ कॉलेज के सामने संचालित कृष्णा टी स्टॉल व भोजनालय (पंढरपुरी चाय) पर घरेलू गैस सिलेण्डरों के दुरुपयोग का मामला सामने आया। इस दौरान मौके पर एडीएम (सीलिंग) ओम प्रभा एवं जिला रसद अधिकारी कमल कुमार पंवार द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त किए गए। साथ ही प्रतिष्ठान मालिक सोहनसिंह राव के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम (ई.सी. एक्ट) के तहत मुकदमा दर्ज करने की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि आगे भी इसी प्रकार कार्यवाही जारी रहेंगी। जिला प्रशासन द्वारा आमजन से अपील की गई है कि किसी भी व्यावसायिक प्रतिष्ठान पर घरेलू गैस सिलेण्डरों के दुरुपयोग की जानकारी मिलने पर जिला रसद कार्यालय के कंट्रोल रूम नंबर पर सूचित करें। उललेखनीय है कि सिपाहियों के बास में 26 मार्च को जाकिर हुसैन/ मो. हुसैन के निवास पर रंगाई छपाई के कार्य में घरेलू सिलेण्डरों के व्यवसायिक दुरूपयोग में 3 घरेलू सिलेण्डरों को जब्त किया गया था। जिस संबंध में जिला रसद अधिकारी कमल कुमार पंवार के निर्देश पर 8 अप्रैल को प्रवर्तन अधिकारी जितेन्द्र सिंह आशिया द्वारा कोतवाली थाने में जाकिर हुसैन/ मो. हुसैन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया।

### रड़का बेरा में सुनी आमजन की परिवेदना

**फलोदी,** (निसं)। जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने शुकवार को घंटियाली पंचायत समिति की ग्राम पंचायत रड़का बेरा में रात्रि चौपाल लगाते हुए ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। चौपाल में ग्रामीणों ने पेयजल,विद्युत पोल,फसल खराब मुआवजा,सडक निर्माण सहित विभिन्न परिवाद प्रस्तुत किए। सभी प्रकरणों की सुनवाई करते हुए जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। रात्रि चौपाल में विभागीय अधिकारियों द्वारा अपने विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। कृषि विभाग के अधिकारियों ने तारबंदी, फार्मपोंड, कृषि संयंत्र, सुक्ष्म सिंचाई योजना सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। इसी प्रकार चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने लाडो प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना,जन औषधि योजना की जानकारी दी गई। समाज कल्याण विभाग द्वारा पेंशन, पालनहार योजना तथा पशुपालन विभाग द्वारा मंगला पशु बीमा योजना के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान उपखंड अधिकारी ने ग्रामीणों को मुख्यमंत्री विकसित ग्राम अभियान के बारे में जानकारी देते हुए 20 अप्रैल को आयोजित होने वाले शिविर में ग्रामीण विकास के संबंध सुझाव देने के लिए आमंत्रित किया।

### भाजपा के मंडल प्रभारियों की घोषणा

**जालोर,** (नि.सं.)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड के निर्देशानुसार भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित व जिला संगठन प्रभारी महेंद्र मेघवाल ने जालोर जिले में मण्डल प्रभारियों की घोषणा की है। जिला प्रवक्ता दिनेश महावर ने बताया कि आहोर में शांतिलाल सुथार,बागरा में मिश्रीमल मेघवाल, चांदराई में लादूसीह राजपूत,गोदन में गजेन्द्रसिंह मांगलिया, गुडाबालोतान में जोगसिह ओडवाडा, भाद्राजून में सूजाराम प्रजापत, जालोर नगर में महेंद्रसिंह,जालोर ग्रामीण गणपतसिंह बगेडयिा, उम्मेदाबाद में ललित महावर,सायला में मीरा देवासी, जीवाणा में मुकंद दवे, पोषाणा में केवदाराम चौधरी,बागोडा ने जालमसीह सोलंकी,नरसाना में ठाकराराम रंगाला,जुंजाणी में भरतसिंह राव,भीनमाल ग्रामीण में इंद्रसिंह राणावत,भीनमाल नगर में किरण भारतीय, रामसीन में पांचाराम प्रजापत, रानीवाडा में बाबूलाल पुरोहित,जसवंतपुरा में रिडमलसिंह डाबी, करडा में अमृतलाल चौधरी,बडगांव में दौलतसिह कलापुरा, सांकड में तुलसाराम मांजू के नाम की घोषणा की है। सभी मंडल प्रभारी अपने अपने मंडल में संगठन के मजबूती के लिए कार्य करेंगे।

### अंबेडकर जयंती की तैयारियां जोरों पर

**फलोदी,** (निसं)। बाबासाहेब अंबेडकर जयंती जिला मुख्यालय फलोदी में स्थित अंबेडकर पार्क में 14 अप्रैल 2026 को 135 वी जयंती समारोह बड़ हर्षोल्लास के साथ आयोजित करने को लेकर तैयारी जोरों पर है। आयोजन समिति के संयोजक एडवोकेट भैराराम मकवाना के नेतृत्व में दस दिनों से संपूर्ण आयोजन टीम छत्तीस कॉम के लोगो व विभिन्न समाजों के मुखियाओं व जनप्रतिनिधियों व विभिन्न विभाग के उच्च अधिकारियों से मिलकर जयंती समारोह में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंच कर जयंती को ऐतिहासिक व भव्य बनाने का आव्हान किया गया। आयोजन कमेटी के सदस्य बद्रीनारायण मेघवाल ,जीवन राम भील, मोहन मेघवाल, वल्लभ लखेश्री,रेवत लीलावत,गंगाराम चौहान, जगदीश भाटिया, भंवरराम सांसी, पप्पू राम नागाची, जगदीश लीलावत, भैराराम खोरवाल,भूराराम ठेकेदार, भरत छीला, जगदीश मुलावत, गणपत मेघवाल, गोपाल गोगलू, हनुमान परिहार, गोपाल शेखासर सुनील कुमार उपस्थित रहे। इस जयंती पर विशाल वाहन रैली और समारोह सभा आयोजित की जाएगी।

### कॉलेज के पास हुक्काबार पकड़ा

**जोधपुर,** (कासं)। कमिश्नरेट की एयरपोर्ट थाना पुलिस ने शिकारगढ़ मिनी मार्केट में एक महाविद्यालय के समीप चल रहे कैफे रेस्टोरेंट में हुक्काबार को पकड़ा। उसे चलाने वाले के खिलाफ कार्रवाई कर हुक्का सामठाी को जब्त किया गया। एयरपोर्ट थाने के एएसआई भंवरराम ने मुखबिर की सूचना पर एक महाविद्यालय के पास मिनी मार्केट शिकारगढ़ पहुंच कर एलवी कैफे एवं रेस्टारेंट पर रेड दी। इसके रूफटॉप पर अवैध रूप से हुक्काबार का संचालन किया जा रहा था। पुलिस ने मौके से हुक्का सामठाी को जब्त किए जाने के साथ पीपाड़ सिटी के चिरढाणी हाल सारण नगर निवासी रामदीन के खिलाफ कार्रवाई कर केस दर्ज किया।

### ज्योतिबा फूले की प्रतिमा पर माल्यार्पण

**पाली,** (ि.सं.) ज्योतिबा फूले जयंती के अवसर पर शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित ज्योतिबा फुले सर्कल पर उनकी प्रतिमा पर कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने माल्यार्पण किया श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह के अंतर्गत 11 से 14 अप्रैल तक आयोजित किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में हुआ। इस अवसर पर जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी, प्रशिक्षु आईएएस बिरजु गोपाल, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (सीलिंग) ओम प्रभा, पूर्व सभापति महेन्द्र बोहरा एवं जनप्रतिनिधि सुनील भण्डारी, त्रिलोक चौधरी सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों ने ज्योतिबा फुले को स्मरण करते हुए उनके द्वारा किए गए सामाजिक सुधार कार्यों को याद किया।

### विश्नोई का गुड़ामालानी दौरा आज

**बालोतरा,** (निसं)। उद्योग एवं वाणिज्य, युवा मामले एवं खेल, कौशल नियोजन, उद्यमिता एवं नीति निर्धारण विभाग राज्यमंत्री के.के. विश्नोई शनिवार को बालोतरा जिले के गुडामालानी क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। यहां पहुंचने के बाद वे विधानसभा क्षेत्र गुडामालानी में आयोजित विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। उल्लेखनीय है कि नरेंद्र मोदी के 21 अप्रैल 2026 को प्रस्तावित पचपदरा रिफाइनरी उद्घाटन कार्यक्रम को देखते हुए विश्नोई बाडमेर और बालोतरा जिलों के दौरे पर रहेंगे।

# जोराराम ने गुंदोज सीएचसी के नए भवन का शिलान्यास किया

**पाली/सुमेरपुर,** (नि.सं.)। क्षेत्र की जनता को बेहतर और सुलभ चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में शनिवार को एक बड़ा कदम उठाया गया। इसी के तहत गुंदोज में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के नए भवन का शिलान्यास पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री व स्थानीय विधायक जोराराम कुमावत ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आधारशिला रखी।

उन्होंने कहा कि यह केवल एक भवन नहीं, बल्कि क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य और जीवन की सुरक्षा का संकल्प है। हमारी प्राथमिकता अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है।

कुमावत ने कहा कि इस अत्याधुनिक भवन का निर्माण 5.75 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री कुमावत ने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा बीते दो वर्षों में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, अधोसंरचना के विकास एवं जनकल्याण के क्षेत्र में किए महत्वपूर्ण कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस केंद्र के बनने से आस-पास के दर्जनों गांवों के हजारों लोगों को इलाज के लिए जिला अस्पताल या बड़े शहरों की ओर नहीं भागना पड़ेगा।

उन्होंने आश्वासन दिया कि भवन का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कर लिया जाएगा ताकि चिकित्सा सेवाएं शुरू की जा सकें। नए भवन में 30 बिस्तरों की क्षमता होगी, जिसमें आधुनिक ऑपरेशन थिएटर, लेबर रूम, एक्स-रे यूनिट और ओपीडी ब्लॉक शामिल होंगे।

कार्यक्रम में पाली प्रधान प्रतिनिधि पुखराज पटेल, जिला उपाध्यक्ष पूनम सिंह परमार, सांसद प्रतिनिधि डीआर चौधरी, पूर्व उप जिला प्रमुख नवल किशोर रावल, किसान केसरी भंवर चौधरी, डेंडा सरपंच प्रतिनिधि उम्मेद सिंह, कुरना सरपंच लाभूराम देवासी, मणिहारी सरपंच भैंरू सिंह, पूर्व जिला मंत्री मांगीलाल सीरवी, पूर्व मंडल अध्यक्ष मंगलाराम प्रजापत, गुंदोज मंडल के पूर्व महामंत्री यशवंत सैन, मंडल महामंत्री कूपाराम सीरवी, भंवर डाबर, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि रमेश कुमार मेघवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष खौड़ हुकम सिंह खरौकड़ा, गुंदोज सरपंच दिनेश बंजारा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### कचरा संग्रहण के लिए मिली दो नई गाड़ी रवाना की

सुमेरपुर शहर में कचरा संग्रहण व्यवस्था को आधुनिक बनाने के लिए नए और पर्यावरण के अनुकूल दो नए इलेक्ट्रिक वाहनों को पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री व स्थानीय विधायक जोराराम कुमावत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

नगरपालिका भवन में आयोजित कार्यक्रम में कुमावत ने कहा कि ये वाहन शून्य-उत्सर्जन लक्ष्यों को प्राप्त करने और वायु प्रदूषण कम करने में मदद करेंगे। इससे सुमेरपुर शहर के सभी वार्डों में घर-घर कचरा संठाहण की व्यवस्था मजबूत होगी। ये छोटे वाहन कचरा इकट्ठा कर उसे बड़े 7 मीट्रिक टन क्षमता वाले कैरियरों में स्थानांतरित करेंगे, जिससे संकरी गलियों में भी सफाई बेहतर होगी और कचरा बिखरने या दुर्गंध की समस्या कम होगी। नए वाहनों में जीपीएस और रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन कार्ड जैसी तकनीक है, जिससे कचरा उठान की रियल-टाइम मॉनिटरिंग संभव होगी। उन्होंने मौके पर अधिकारियों को सफाई हेतु कड़े निर्देश दिए।

कुमावत ने कहा कि जब तक वर्क ऑर्डर नहीं हो तब तक युद्ध स्तर पर सफाई कार्य का प्रबंधन किया जाए।

उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ समय से घर घर कचरा संग्रहण करने वाले संवेदक का टेंडर निरस्त होने के कारण शहरवासियों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा था। इस पर त्वरित समाधान को लेकर 2 रिक्शा खरीद कर आमजन को राहत पहुंचाने का निर्णय लिया गया। फिर नया टेंडर होते ही शहर मैं कचरा प्रबंधन और घर घर कचरा संग्रहण का कार्य अच्छे से हो पाएगा।

इस मौके पर प्रताप सिंह बिंठिया, अनूप सिंह राठौर, पूनम सिंह परमार, रविकांत रावल, महेंद्र माली, मुकेश मोदी, मनीष घांची, चतुर्भुज शर्मा सहित कई जने मौजूद थे।

# संसदीय कार्य मंत्री के निर्देशन में पोषण पखवाड़ा का कार्यक्रम आयोजित

**जोधपुर,** (कासं)। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण पखवाड़ा जिला स्तरीय कार्यक्रम शनिवार को मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर में संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। पोषण पखवाड़ा 9 अप्रैल से 23 अप्रैल तक पूरे देश में मनाया जा रहा है।

पटेल ने कहा हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बाल कल्याण और नारीशक्ति के उत्थान के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के समग्र विकास तथा खेल आधारित शिक्षा के लिए लगभग 323 करोड़ रूपये की लागत से खेल सामग्री एवं 'जादुई पिटारा' उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने कहा महिला स्वयं सहायता समूह के आजीविका संवर्द्धन की दृष्टि से लगभग 500 करोड़ रूपये की लागत से 11 हजार अमृत पोषण वाटिकाओं का निर्माण करवाया जाएगा। पटेल ने कहा बजट घोषणा के अनुरूप 'राजस्थान स्टेट अर्ली चाइल्डहुड केयर डेवलपमेंट एंड एजुकेशन पॉलिसी' लाई जाएगी। उन्होंने कहा 11 हजार 924 आंगनबाड़ियों में मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण सम्बन्धी कार्यों हेतु 246 करोड़ रुपये की लागत से मरम्मत कार्य करवाये जा रहे है।

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से मातृशक्ति को लोकसभा एवं राज्यों की विधानसभाओं में 33 फ़ीसदी आरक्षण से राजनीतिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया गया है।

उन्होंने कहा यह ऐतिहासिक कदम महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रिया में भागीदार बनाकर उन्हें सशक्त करेगा और राष्ट्र के समावेशी विकास में उनकी भूमिका को और सुदृढ़ करेगा।

विधि मंत्री ने कहा मुख्यमंत्री सुपोषण न्यूट्री किट योजना के तहत गर्भवती महिलाओं की पोषण सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा हम सभी को मिलकर एक ऐसा राजस्थान बनाना है जहां हर बच्चा स्वस्थ, हर महिला सुपोषित और हर परिवार खुशहाल हो।

कार्यक्रम में विधि मंत्री ने 20 महिलाओं को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के पद पर नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

साथ ही 2 महिलाओं को यूनिफार्म के लिए और एक लाभार्थी को पीएम मातृ वंदना के तहत चेक का वितरण किया। इस अवसर पर पटेल ने 8 वां पोषण पखवाड़ा के पोस्टर का विमोचन किया। उन्होंने 5 लाभार्थियों को सुपोषण न्यूट्री किट का भी वितरण किया।

### आदर्श विद्या मंदिर खीचन शुरू

**फलोदी,** (निसं)।आदर्श विद्या मंदिर उच्च प्राथमिक विद्यालय, खीचन का शुभारंभ शनिवार प्रातः 9.15 बजे दयानंद गिरी महाराज ( राधे कृष्ण गौशाला, खीचन ) के सानिध्य, मुख्य अतिथि पब्बाराम विश्नोई (विधायक फलोदी ) के कर कमलों से हवन पूजन सरस्वती माता के आगे दीप प्रज्जवलित करके किया गया।

मुख्य वक्ता महेंद्र कुमार दवे, विद्या भारती प्रांत कार्यकारिणी सदस्य ने संबोध्ति किया। मुख्य अतिथि पब्बाराम विधायक फलोदी ने विद्या मंदिर भवन निर्माण के लिए 25 लाख की घोषणा की और सभी समाज के व्यक्तियों को आगे आकर सहयोग की कामना की गई। ा भामाशाह महेंद्र कुमार भंसाली ,दिलीप सिंह राजपुरोहित ,प्रकाश बिश्नोई ,दिनेश कुमार जैन ,तरुण कुमावत ,गणपत सिंह द्वारा विद्यालय सहयोग के लिए घोषणा की। विद्या मंदिर में प्रवेश लेने वाले छोटे भैया बहनों का तिलक वह माला पहनकर स्वागत किया गया। गांव के दयानंद गिरी महाराज (राधे कृष्ण गौशाला खीचन) द्वारा विद्यालय खुलने की शुभकामनाएं दी।

# तृतीय श्रेणी अध्यापक की बर्खास्तगी पर अंतरिक रोक

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान उच्च न्यायालय की एकलपीठ के न्यायाधिपति आनन्द कुमार शर्मा ने चित्तौडगढ़ के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, पारोली, पंचायत समिति चित्तौड़गढ़ में तृतीय श्रेणी अध्यापक, लेवल-2 के पद पर पदस्थापित रामप्रसाद भारद्वाज के सेवा बर्खास्तगी आदेश पर अन्तरिम रोक लगाई है। रामप्रसाद भारद्वाज को सेवा से स्वैच्छिक अनुपस्थित रहने के कारण जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) प्रारम्भिक शिक्षा, चित्तौड़गढ़ द्वारा 2 मार्च 2026 को आदेश जारी कर सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। इस बर्खास्तगी के आदेश से व्यथित होकर प्रार्थी ने अपने अधिवक्ता दिनेश सुथार के माध्यम से एक रिट याचिका राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर बैंच के समक्ष प्रस्तुत की। उच्च न्यायालय के समक्ष प्रार्थी के अधिवक्ता का यह तर्क रहा कि जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) प्रारम्भिक शिक्षा, चित्तौड़गढ़ द्वारा जो सेवा बर्खास्तगी आदेश 12 मार्च 2026 पारित किया गया, वह प्राकृतिक न्याय के सिद्धान्तों एवं राजस्थान सेवा नियमों में उल्लेखित निर्धारित अनिवार्य प्रक्रिया की पूर्णरूपेण अवहेलना करते हुए पारित किया गया है।

प्रार्थी के अधिवक्ता ने बताया कि राजस्थान सेवा नियमों के नियम 86 में विशेष रूप से यह प्रावधान दिया गया हैं कि उप-नियम 86(1) एवं 86(2) के प्रावधानों के होते हुए भी अनुशासनात्मक प्राधिकारी सबंधित सरकारी कर्मचारी के विरुद्ध राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियमों के तहत विभागीय कार्यवाही शुरू कर सकता है, जो जान-बूझकर एक महीने से अधिक अवधि तक ड्यूटी से अनुपस्थित रहता है और यदि उसके विरुद्ध ड्यूटी से जान बूझकर अनुपस्थित रहने का आरोप सिद्ध हो जाता है, तो ही उसे सेवा से हटाया जा सकता है।

प्रार्थी के अधिवक्ता का यह भी तर्क रहा कि सेवा से हटाने (रिमूव) जैसी बड़ी सजा देने से पहले राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियमों के तहत विभागीय जाँच किया जाना अत्यन्त महत्वपूर्ण है, जबकि प्रस्तुत मामले में बिना अनुशासनात्मक कार्यवाही किये एवं बिना अवसर प्रदान किये सीधे ही प्रार्थी को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है, जो प्राकृतिक न्याय के सिद्धान्तों एवं राजस्थान सेवा नियमों में उल्लेखित निर्धारित अनिवार्य प्रक्रिया की पूर्णरूपेण अवहेलना है।

प्रार्थी के अधिवक्ता द्वारा दिये गये तर्कों से सहमत होते हुए राजस्थान उच्च न्यायालय ने जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) प्रारम्भिक शिक्षा, चित्तौड़गढ़ द्वारा रामप्रसाद भारद्वाज के विरूद्ध जारी किये सेवा बर्खास्तगी के आदेश पर अन्तरिम रोक लगाते हुए प्रारम्भिक शिक्षा विभाग को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया।

# जोधपुर कृषि मंडी में बढ़ रही चोरी की घटनाएं

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर के महामंदिर थाना इलाके के कृषि मंडी में किराना दुकान से सामान चुराने का मामला सामने आया है। जोधपुर के महामंदिर थाना क्षेत्र स्थित कृषि मंडी में एक होलसेल किराना दुकान का स्टाफ अपने साथियों के साथ मिलकर मालिक को ही ठगने में लगा था। दुकान में काम करते हुए उसने चुपके से डुप्लीकेट चाबी बनवा ली और पिछले कई दिनों से रात-रात भर सामान चुराकर बाइक पर ले जाता रहा। मामले का पता चलने पर दुकान मालिक ने थाने में रिपोर्ट दी है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर है।

दुकान मालिक प्रेमप्रकाश महाजन ने बताया कि उनकी दुकान शिवशक्ति प्रोडक्ट्स, मंडोर कृषि मंडी में है। यहां काम करने वाला स्टाफ ललित चौधरी ने अपने साथियों के साथ साजिश रची। उसने दुकान की डुप्लीकेट चाबी बनवा ली और पिछले कई दिनों से ताला खोलकर बाइक पर किराना सामान चुराकर ले जाता रहा। नौ अप्रैल की सुबह पांच बजे पड़ौस की दुकान के मालिक ने इन लोगों को दुकान खोलते देख लिया। जब उन्होंने पूछा कि इतनी सुबह क्या कर रहे हो, तो ललित कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। शाम को पड़ोसी ने मालिक को सूचना दे दी। अगले दिन जब मालिक दुकान पहुंचे तो स्टॉक काफी कम मिला। सबसे बड़ा झटका ये लगा कि ललित खुद दुकान पर नहीं आया। शक होने पर मालिक ने तुरंत पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने पास ही काम करने वाले उन्काराराम को तुरंत पकड़ लिया। मुख्य आरोपी ललित चौधरी की तलाश अभी भी जारी है। मालिक के अनुसार ललित पिछले 50 दिनों से दुकान में ही रह रहा था। अंदेशा है कि उसने 15-20 दिन पहले ही डुप्लीकेट चाबी बनवाई थी। चोरी में खासतौर पर इलायची, काली मिर्च जैसे महंगे सामान शामिल थे।

# 'पोस्टमार्टम के अभाव में संपूर्ण बीमा राशि अस्वीकृत नहीं की जा सकती'

**जोधपुर,** (कासं)। बीमा कंपनी को वाहन दुर्घटना की सूचना देरी से एवं दुर्घटना में मृत्यु के पश्चात पोस्टमार्टम नहीं होने के अभाव में बीमा कंपनी द्वारा दावा अस्वीकृति को राज्य उपभोक्ता आयोग ने गलत मान अपीलार्थी एवं वारिसान की अपील को स्वीकार करते हुए नोंन स्टैंडर्ड मानते हुए 11 लाख 25 हजार रुपए देने के आदेश दिए है।

आयोग के समक्ष सेतरावा निवासी पदम कुमार और वारिसान की ओर से जिला आयोग प्रथम द्वारा परिवाद को अस्वीकार किए जाने पर आयोग के समक्ष अपील प्रस्तुत करते हुए बताया कि स्व.दुर्ग सिंह ने अपने बोलेरो वाहन की बीमा पॉलिसी करवा रखी थी जिसमें पर्सनल एक्सीडेंट की शामिल था। सेतरावा के निकट अगस्त 2020 में रात्रि के समय अचानक नील गाय आ आने पर गाड़ी पलटी खा गई , सिर में गंभीर चोटे आई , उक्त दुर्घटना के कारण उसकी मृत्यु हो गई। सामाजिक रीति रिवाज के पश्चात पुलिस में प्रथम सूचना दर्ज करवाई। अप्रार्थीगण की ओर से बीमा कंपनी को 15 लाख रुपए का दावा पेश किया। बीमा कंपनी ने विभिन्न आपत्तियों के आधार पर दावा अस्वीकार कर दिया। अपीलार्थी ने जिला आयोग में परिवाद प्रस्तुत किया जो अस्वीकार हो गया।

जिला आयोग के आदेश को चुनौती देते हुए राज्य आयोग जोधपुर पीठ में अपील प्रस्तुत की। बीमा कंपनी टाटा एआईजी की ओर से बहस में बताया कि दुर्घटना के 2 माह 5 दिन बाद प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवाई है ,जबकि बीमा शर्त के अनुसार अतिशीघ्र पुलिस रिपोर्ट करनी चाहिए या बीमा कंपनी को सूचित करना चाहिए द्य बीमा कंपनी ने परिवाद को अपरिपक्व बताया तथा संबंधित दस्तावेज़ पेश नहीं किए इस आधार पर क्लेम अस्वीकृत किया है। आयोग के अध्यक्ष देवेंद्र कच्छावाहा ,सदस्य न्यायिक सुरेंद्र सिंह , सदस्य लियाकत अली ने दोनों पक्षों की बहस सुनकर उपलब्ध दस्तावेज, साक्ष्य , न्यायिक दृष्टांत को देखकर अपने निर्णय में कहा कि पुलिस द्वारा डॉक्टर के बयान के आधार पर प्रस्तुत दस्तावेज से स्पष्ट होता है कि दुर्ग सिंह के सिर में चोटों से खून बह जाने के कारण दौराने उपचार मृत्यु हुई है।

विपक्षी पुलिस कार्रवाई के लिए डाक से भी सूचित किया गया था जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो न्यायालय से आदेश प्राप्त कर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवाई द्य दुर्ग सिंह को मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया इसका कोई आधार नहीं है द्य परिवादिनी द्वारा पोस्टमार्टम नहीं करवाए जाने के कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट पेश नहीं की जा सकी द्य अंतिम रिपोर्ट भी बाद अनुसंधान विलंब से पेश होने के कारण प्रस्तुत नहीं किया जा सका।

आयोग ने अपने निर्णय के कहा कि प्रथम सूचना रिपोर्ट देरी से दर्ज हुई है और बीमा पॉलिसी का उल्लंघन हुआ है तो मात्र इस आधार पर संपूर्ण क्लेम खारिज नहीं किया जा सकता।

आयोग ने अपील स्वीकार करते हुए 15 लाख रुपए की नोंन स्टैंडर्ड आधार पर 75 फीसदी राशि 11 लाख 25 हजार रुपए परिवाद प्रस्तुत की तिथि से 9 फीसदी ब्याज एवं अपील में के रूप में 10000 देने के आदेश देते हुए अपील स्वीकार की।

# मंडार में फूले जयंती मनाई

**रेवदर. ( निसं )।** मंडारअंबेडकर सेवा समिति मंडार के तत्वावधान में राष्ट पिता महात्मा ज्योतिबा फुले की जन्मजयंती बडे हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मेघवाल समाज के धीराबाबा मंदिर में मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष लवजीराम जी बुनकर ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा फुले की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित समाजबंधुओं ने उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

सामाजिक कार्यकर्ता मफतलाल बुनकर ने अपने संबोधन में महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि फुले जी ने समाज में व्याप्त छुआछूत, भेदभाव और अशिक्षा के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने महिलाओं एवं दलित वर्ग के उत्थान के लिए शिक्षा को सबसे बडा हथियार बताया और समाज में समानता व न्याय की नींव रखी।

कार्यक्रम में परीक्षा प्रभारी सुरेश कुमार बामनिया, दिनेश कुमार सोलंकी, संजय कुमार सोलंकी ललित राठौड रमेश कुमार सोलंकी परखाराम मेघवाल, भगा राम राठौड दलाराम शांतिलाल सोलंकी, कांतिलाल सोलंकी, अजीत कुमार, चेलाराम, छगन लाल इंद्र कुमार समेत दर्जनों समाजबंधु, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

अध्यक्ष लवजीराम बुनकर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि महापुरुषों की जयंती केवल औपचारिकता नहीं बल्कि उनके विचारों को जीवन में उतारने का अवसर है।

इस अवसर पर प्रतिभा खोज परीक्षा का भी आयोजन किया गया, जिसमें पहले अंबेडकर को जाने प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 50 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

अंबेडकर को जाने प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान आने वाले छात्र को 14 अप्रैल को आयोजित कार्यक्रम में अंबेडकर सेवा समिति द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

### नेत्र कुम्भ की पुस्तिका भेंट की

**जालोर,** (कासं)। दिव्यांग हितार्थ कार्य करने वाले संगठन सक्षम की जिला कार्यकारिणी जालोर इकाई की ओर से पूर्व निःशक्तजन आयुक्त एवं सक्षम के संरक्षक धनाराम पुरोहित के नेतृत्व में जन प्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों को सक्षम द्वारा रामदेवरा एवं प्रयागराज में आयोजित नेत्र कुम्भ की विस्तृत जानकारी युक्त नेत्र कुम्भ की पुस्तिका भेंट की गयी।

सक्षम के जिला सचिव दिनेश कुमार भट्ट ने बताया कि सदस्यों द्वारा राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ,सांसद लुम्बाराम चौधरी, जिला कलेक्टर डॉ प्रदीप गांवडे, विधायक छगन सिंह राजपुरोहित, जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंद किशोर राजौरा, जिला शिक्षा अधिकारी भंवरलाल परमार को पूर्व निःशक्तजन आयुक्त धनाराम पुरोहित के नेतृत्व में जिला सक्षम अध्यक्ष मनीष कुमार, उपाध्यक्ष डॉ पवन कुमार ओझा एवं कांतिलाल राजपुरोहित, सचिव दिनेश कुमार भट्ट ने नेत्र कुम्भ एवं जोधपुर प्रान्त की गतिविधियों से सम्बंधित पुस्तिकाएं एवं साहित्य भेंट किया। आगामी समय में दिव्यांग हितार्थ कार्य योजना से अवगत कराया।

# फर्जी रजिस्ट्री मामले में महापड़ाव 13 को

**जालोर,** (कासं)। जालोर के निकट सायला क्षेत्र में आसाणा में फर्जी रजिस्ट्री करवाकर साढे पांच करोड की कुछ व्यक्तियों के साथ ठगी के मामले में शनिवार को एक दलाल ने वीडियो जारी कर बडा खुलासा किया है। दलाल ने आरोप लगाया कि साढे पांच करोड की ठगी करने का मुख्य सूत्रधार भूमाफिया मांगीलाल फोलामुथा जैन सायला, गौतमचंद जैन और दौलत आचार्य थे। उन्होंने ने योजना बनाकर फर्जी विनोद बनाकर रजिस्ट्री करवाई थी। इधर, एक दलाल के सामने आने के बाद कथित संघवी मांगीलाल फोलामुथा के खुद को साफ सुथरा बताने के ढोंग की पोल खुल चुकी है। सायला पुलिस थाना नामजद मामला दर्ज होने के बाद आरोपी पुलिस गिरफत से दूर है। आरोपियों को पुलिस द्वारा गिरफतार नही करने से पीडितजनो की ओर से 13 अप्रैल को सायला में महापडाव कर विरोध प्रदर्शन किया जायेगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आसाणा निवासी रमेश राजपुरोहित पुत्र मोडाजी जाति राजपुरोहित ने अन्य व्यक्तियों के साथ आसाणा गांव में स्थित खातेदारी भूमि के बेचान में दलाल की भूमिका निभाई थी, इसलिए रमेश राजपुरोहित इस पूरे मामले में मुख्य कड़ी था। राजपूत समाज के लोगों की ओर से लगातार धरना और अन्य माध्यमों से आरोपियों पर दबाव बनाया जा रहा था। जिसके बाद साढ़ पांच करोड के सौदे के दलाल रमेश ने करीब सवा तीन मिनट का वीडियो जारी कर पूरे मामले का सच उजागर किया तथा जबरसिंह पुत्र वगतसिंह जाति राजपूत सहित उनके भाइयों के साथ साढे पांच करोड की ठगी के मुख्य सूत्रधार मांगीलाल फोलामुथा जैन पुत्र छोगालाल जाति जैन निवासी सायला को बताया। वीडियो में रमेश ने बताया कि इस सौदे के बाद से वह काफी परेशान है। दलाल ने आरोप लगाया कि साढे पांच करोड की ठगी के लिए मांगीलाल फोलामुथा जैन सायला, गौतमचंद जैन सायला, दौलत आचार्य और छगनसिंह चम्पावत जिम्मेदार है। उन्होंने बताया कि जिस दिन दो अप्रैल को फर्जी विनोद बनाकर रजिस्ट्री करवाई थी, उस दिन मैं दोपहर में एक बजे मांगीलाल फोलामुथा की फैक्ट्री गया था, वहां पर मांगीलाल, दौलत आचार्य, डमी विनोद जैन वही पर बैठा था। मेरे द्वारा रजिस्ट्री का कहने पर दौलत आचार्य ने कहा कि मैं विनोद को रजिस्ट्री के लिए तहसील भेज रहा हूं। शाम को पांच बजे जब रजिस्ट्री हुई थी तब डमी विनोद जैन के साथ जीवनदान चारण सहित दो अन्य व्यक्ति तहसील में साथ आए थे। रजिस्ट्री के दौरान सेठ मांगीलाल पूरी मोनिटरिंग कर रहा था। रजिस्ट्री के बाद रात 9 बजे मैं गौतम लूंकड के घर रजिस्ट्री सौदे का मेरा कमीशन लेने गया था तब वहां पर मांगीलाल फोलामुथा, एक अन्य जैन और करणसिंह मेडतिया थलवाड मौजूद थे। करणसिंह वहां पर चार करोड उन्नीस लाख रुपये लेकर आए थे तथा वे रुपयों को मांगीलाल और अन्य व्यक्ति के साथ बांटने की बात कर रहे थे। मैंने इन बडे सेठों मांगीलाल, गौतम जैन और दौलत आचार्य के विश्वास में धोखा खाया है। उन्होंने अन्य लोगों से भी इन भूमाफियाओं पर भरोसा नहीं करने की अपील की है।

सायला क्षेत्र के चैराउ निवासी प्रवासी जबरसिंह पुत्र वगतसिंह जाति राजपूत सहित उसके पांच भाइयों ने आसाणा गांव में खसरा संख्या 15 रकबा 0.7000 हैक्टेयर जमीन सायला निवासी कथित विनोद जैन पुत्र कुयालाल जैन से खरीद थी। इस मामले में विनोद जैन ने जबरसिंह सहित उनके भाइयों के खिलाफ फर्जी रजिस्ट्री करवाने का मुकदमा दर्ज करवाया था। वहीं जबरसिंह पुत्र वगतसिंह जाति राजपूत ने जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर उप पंजीयक सायला, तथाकथित विनोद जैन, रमेश पुरोहित आसाणा, रमेश माली एडवोकेट, करणसिंह थलवाड, दौलत आचार्य आदि मुलजिमानों ने धोखाध?ी कर जमीन सौदे के नाम पर साढे पांच करोड हडपकर ठगी की है। उन्होंने मुलजिमानों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की थी। इधर, पुलिस ने विनोद जैन की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। चैराउ निवासी जबरसिंह पुत्र वगतसिंह जाति राजपूत और उनके भाइयों के साथ साढे पांच करोड की ठगी के बाद पूरा राजपूत समाज आक्रोशित है। उन्होंने जिला मुख्यालय पर जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की थी। सायला में ठगी के मास्टर माइंड मांगीलाल फोलामुथा की होटल के आगे भी पांच घंटे धरना दिया था। समाज के लोगों ने दहियावटी राजपूत छात्रावास में रणनीति तय की । समाज बंधुओं ने 13 अप्रैल को सायला में महापडाव का ऐलान भी किया है।

### गोष्ठी आयोजित

**बालोतरा,** (निसं)। डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत 11 अप्रैल को ज्योतिबा फुले जयंती पर राजकीय उच्च माध्यमिक बालक विद्यालय, बालोतरा में जिला स्तरीय कार्यक्रम व संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी देवाराम प्रजापत, सहायक निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता महेंद्र सिंह तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य चांदीदान सहित गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई।

इस अवसर पर वक्ताओं ने महात्मा फुले के जीवन एवं उनके समाज सुधारक कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि फुले ने समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष करते हुए महिला शिक्षा, दलित एवं पिछडे वर्गों के उत्थान तथा मजदूर एवं शोषित वर्ग के अधिकारों के लिए ऐतिहासिक कार्य किए। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को कहा कि महात्मा फुले का जीवन संघर्ष, समानता और शिक्षा के महत्व का प्रतीक है। उनके आदर्शों को अपनाकर ही समाज में वास्तविक परिवर्तन लाया जा सकता है।